# प्रिंसेस ब्लाउज

***यदि आपको किसी फ़ंक्शन में जाना है तो इस ट्यूटोरियल को देख के आप अपना खुद का ब्लाउज सिल सकते हैं।***














**सामग्री की सूची**

ब्लाउज के लिए 1 मीटर प्रिंटेड कपड़ा
अस्तर के लिए 1 मीटर मैचिंग कपड़ा
प्रिंसेस ब्लाउज का टेम्प्लेट जो आप हमारी वेबसाइट www.ushasew.com से डाउनलोड कर सकते हैं
चॉक
कैंची
मैचिंग धागा
2 मीटर मैचिंग पाइपिंग
बीडेड पिंस
स्केल
उषा जेनोम पाइपिंग फुट
8 इंच कन्सील्ड ज़िपर
उषा जेनोम जिपर फुट
हुक और बटन
और हाथ की सुई

इस ट्यूटोरियल में हम टेम्प्लेट के अनुसार निशान लगाना और कपड़े को काटना, बैक और फ्रंट पीस को तैयार करना, कंधों को सिल के उन्हें एक साथ जोड़ना, पाइपिंग और बायस स्ट्रिप को नेकलाइन से जोड़ना, मुख्य और अस्तर के कपड़े को जोड़ना, आस्तीन को तैयार करना और इन्हें जोड़ना, साइड सीम को फिनिश करना और ज़िप को लगाना और अंत में निचले हिस्से को हेम करना और नेकलाइन को फिनिश करना सीखेंगे।

## चरण 1: टेम्प्लेट के अनुसार निशान लगाना और कपड़े को काटना

आपकी साड़ी से मैचिंग अपनी पसंद का एक स्टाइलिश कपड़ा लें और उसे पूरी तरह से खोलें। यह हमारा सीधा हिस्सा होगा। अब कपड़े को लंबाई में आधा मोड़ें, सीधा हिस्सा आमने सामने हो। अब www.ushasew.com से डाउनलोड किया हुआ प्रिंसेस ब्लाउज़ का टेम्प्लेट कपड़े के ऊपर रखें। हम उन दो टेम्प्लेट से शुरू करेंगे जिस पर फ्रंट लिखा होगा। फिर बैक और आस्तीन को रखें। सुनिश्चित करें कि आप पहले फ्रंट वाले टेम्पलेट को बताए अनुसार फ़ोल्ड पर रखें। बैक टेम्प्लेट भी फोल्ड पर आ जाएगा।

अब इन सभी टेम्प्लेट को सही जगह रख के बीडेड पिंस लगा दें। सुनिश्चित करें कि जब आप पिन लगा रहे हों तो पिन कपड़े की दोनों परतो से होकर गुजरे। इन सभी पीस पर पिन लगाने के बाद, हमें चॉक से इन टेम्प्लेट के अनुसार कपड़े पर निशान लगाना है। सभी टेम्प्लेट पर ध्यान से निशान लगाएं, घुमाव और किनारों पर ज्यादा ध्यान से निशान लगाएं। कपड़े पर डार्ट्स के लिए सभी नॉच और पॉइंट को चिह्नित करना न भूलें। निशान लगाने के बाद टेम्प्लेट से एक-एक करके पिन निकाल लें।



पिन निकाल के वापस पिन कुशन में रख दें ताकि चोट न लगे। पिन निकालने के बाद टेम्प्लेट को एक तरफ रख दें।

हम कपड़े पर फिर से पिन लगाएंगे ताकि टेम्प्लेट काटते समय यह स्थिर रहे। कपड़े को स्थिर रखने के लिए हर पीस पर 1-2 पिन लगाएं। फिर कैंची से काटना शुरू करें। पहले फ्रंट पीस को काटें और उसके बाद बैक पीस और आस्तीन को काटें।




ये पीस काटने के बाद, अस्तर का कपड़ा लें और फिर से इसी प्रक्रिया को दोहराएं। आपके पास प्रत्येक टेम्पलेट के दो पीस होने चाहिए, एक मुख्य ब्लाउज़ का कपड़ा और दूसरा लाइनिंग का कपड़ा।



## चरण 2: बैक पर डार्ट्स बनाना


आइए पहले बैक टेम्प्लेट पर काम करें। बैक का मुख्य कपड़ा लें और साथ ही इसके लिए अस्तर का कपड़ा लें। आप दो नॉच और एक पॉइंट देख सकते हैं जिसे हमने डार्ट्स के लिए निशान लगाया था। रूलर से पॉइंट को जोड़ के एक त्रिभुज बनाएं। हमें इसे बैक पीस के बाईं तरफ भी बनाना होगा। ऐसा करने के लिए एक पिन लें और कपड़े की दोनों परतों के माध्यम से पिन डालकर पीछे के सेंटर डार्ट पॉइंट को चिह्नित करें। फिर किनारे पर कपड़े को संरेखित करें और नीचे जहां पॉइंट हैं वहां नॉच बनाएं। रूलर से सेंटर पॉइंट और नॉच को जोड़ें। अब हमारे पास बैक पीस के दाएं और बाएं हिस्से में एक डार्ट है। अस्तर के कपड़े के लिए भी यही प्रक्रिया दोहराएं।





अब कपड़ों को अपनी उषा वंडर स्टिच प्लस सिलाई मशीन पर ले जाएं। अब हम मुख्य कपड़े के एक तरफ डार्ट्स को सिलेंगे। कपड़ा खोलें और दिखाए अनुसार नॉच को मिलाएं। फोल्ड की लाइन को प्रेसर फुट के नीचे संरेखित करें। सिलाई शुरू करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि पैटर्न सिलेक्टर डायल ए पर हो जो सीधी सिलाई के लिए है और सिलाई की लंबाई 2.5 पर सेट हो। लाइन पर बिलकुल सही से सिलें। शुरु और आखिर में रिवर्स टांके लगाएं। ये करने के बाद, हम दूसरी तरफ के डार्ट के लिए भी यही प्रक्रिया दोहराएंगे। नॉच को मिलाएं और लाइन पर सिलें। रिवर्स टांके लगाना न भूलें।










अब कपड़े को पलटें और टांके पर धीरे से दबाकर उन्हें समतल करें। अस्तर के कपड़े पर भी डार्ट्स सिलने की यही प्रक्रिया दोहराएं। ये करने के बाद टांको पर धीरे से दबाकर क्रीज बना लें। बैक पीस को एक तरफ रख दें।



# चरण 3: ब्लाउज के फ्रंट को तैयार करना



सभी फ्रंट पीस को लें। यह हमारा मुख्य कपड़ा होगा और यह अस्तर का कपड़ा होगा। जैसा कि आप देख सकते हैं हमने मुख्य कपड़े पर टेम्पलेट के अनुसार एक निशान बनाया है, वहां एक नॉच बना लें जैसा कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है। इसी तरह मुख्य कपड़े के दूसरे भाग पर भी एक नॉच बनाएं। पिंच करके काट लें।









अस्तर के दोनो पीस के लिए यही प्रक्रिया दोहराएं। अब मुख्य कपड़े से पिन निकाल कर इन्हे खोलें। ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार इन्हें व्यवस्थित करें। आपके पास एक मध्य भाग और दो छोटे भाग होने चाहिए जिस से साइड बनाई जाएगी। दोनों कपड़ो पर नॉच को मिलाएं और दिखाए अनुसार दूसरे भाग को पहले भाग पर रखें - सीधा हिस्सा आमने सामने हो। इन्हे सही जगह कर के पिन लगा दें। हमें बाकी के कपड़े पर भी आर्महोल तक पिन लगाना है। किनारों पर दिखाए अनुसार पिन लगाएं। दूसरी तरफ भी यही प्रक्रिया दोहराएं। नॉच को मिलाएं और कपड़े को सही जगह कर के पिन लगा दें। फिर बाकी के किनारों को संरेखित करें और पिन लगा दें। अगर आप पिन किए हुए दोनों हिस्सों को धीरे से खोलेंगे तो यह आगे और पीछे से इस तरह दिखना चाहिए।





इसी तरह हम अस्तर के कपड़े को व्यवस्थित कर के पिन लगा देंगे। पिन लगाए हुए दोनों कपड़े एक जैसे दिखने चाहिए। अब इन पीसो को सिलें। सबसे पहले हम मुख्य कपड़े को सिलेंगे। पिन लगाए गए साइड्स में से एक साइड को प्रेसर फुट के नीचे संरेखित करें और सिलना शुरू करें। नीचे सिलते हुए पिन निकालते रहें। सिलाई इस तरह दिखनी चाहिए। अब हम दूसरी तरफ सिलेंगे। पिन निकाल के सिलना शुरू करें। जैसा कि आप देख सकते हैं हमने दोनों तरफ साइड्स को सिल दिया है। मुख्य कपड़े को एक तरफ रख दें और अब लाइनिंग के कपड़े को सिलेंगे। मुख्य कपड़े की तरह हम अस्तर के कपड़े के टुकड़ों को भी एक साथ जोड़ेंगे। दोनों तरफ सिलें और सिलने के साथ साथ पिन निकालना न भूलें। आप जब भी सीधी सिलाई करें तो टांको को मजबूत करने के लिए शुरू और आखिर में रिवर्स टांके लगाना न भूलें।





ये करने के बाद हमें सीम अलाउंस पर नॉच बनाने होंगे ताकि पहनने के बाद कपड़े का गोल हिस्सा सही से बैठे। नॉच बनाते समय यह सुनिश्चित करें कि आप टांके को न काटें। हमें अस्तर और मुख्य कपड़े दोनों पर नॉच बनाने हैं।



जैसा कि आप देख सकते हैं फ्रंट पीस जुड़ गए हैं और तैयार है। अब हमें टांको पर इस्त्री करना है ताकि सीम अच्छी तरह से सेट हो जाये और अधिक चमकदार और पेशेवर दिखें। मुख्य कपड़े के फ्रंट और बैक साइड दोनो पर इस्त्री करें। बैक पर इस्त्री करते समय अतिरिक्त सीम अलाउंस को खोलें और इस्त्री करें। अस्तर के कपड़े पर भी ऐसा ही करें। इस्त्री करते समय अपने हाथ का ध्यान रखें और सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

















## चरण 4: कंधों को सिल के फ्रंट और बैक पीस को जोड़ना

ये करने के बाद फ्रंट के पीसों को दिखाए अनुसार बिछाएं और बैक के पीसों को उनके ऊपर रखें, सीधा हिस्सा आमने सामने हो। अब हमें मुख्य कपड़े के कंधों को सिल के बैक और फ्रंट पीस को एक साथ जोड़ना है। कंधों को एक साथ कर के बीडेड पिन लगा दें। अस्तर के कपड़े के लिए भी यही प्रक्रिया दोहराएं। इन पीसों को अपने उषा वंडर स्टिच प्लस मशीन पर ले जाएं और पहले मुख्य कपड़े के कंधों को सिलना शुरू करें। कंधे को प्रेसर फुट के किनारे के साथ संरेखित करें और सिलें। शुरु और आखिर में रिवर्स टांके लगाना न भूलें। पिन निकालें और दूसरे कंधे के लिए भी ऐसा ही करें। सीधे टांके लगाने के बाद हमें कंधे पर ज़िग-ज़ैग टांके लगाने होंगे ताकि किनारो पर सिलाई न उधड़े। पैटर्न सिलेक्टर डायल को C पर और सिलाई की लंबाई को 1.5 पर सेट कर के कंधों पर फिर से सिलाई करें। ज़िग-ज़ैग टांके लगाते समय हमें रिवर्स टांके लगाने की आवश्यकता नहीं होती। सिलने के बाद यह इस तरह दिखना चाहिए।

अस्तर के कपड़े के लिए भी यही प्रक्रिया दोहराएं। सिलने के बाद हमारी सिलाई इस तरह दिखनी चाहिए।

## चरण 5: पाइपिंग और बायस फेसिंग को नेकलाइन से जोड़ना

जैसा कि आप देख सकते हैं हमने पहले ही मुख्य और अस्तर के कपड़ो पर कंधों को सिल दिया है। दोनों पीस को खोलें और मुख्य कपड़े को अस्तर के कपड़े के ऊपर रखें, उल्टा हिस्सा आमने सामने हो। दोनों साइड पर कंधों को मिलाएं और सही जगह कर के पिन लगा दें। नेक की फिनिशिंग के लिए पाइपिंग और बायस स्ट्रिप लें। बायस स्ट्रिप बनाने के लिए आप हमारी वेबसाइट www.ushasew.com पर टेंट ड्रेस के ट्यूटोरियल को देख सकते हैं। बायस स्ट्रिप को आधे मे मोड़ें । पाइपिंग के ऊपर बायस स्ट्रिप को ओवरलैप करें और उन्हें नेकलाइन के ऊपर दाईं ओर रखें। हम इसे सही जगह रख कर सिलेंगे।

कपड़े को अपनी मशीन पर ले जाएं और रेगुलर प्रेसर फुट हटा के पाइपिंग फुट लगाएं और और लॉक कर दें। सीधी सिलाई के लिए पैटर्न सिलेक्टर डायल को A पर और सिलाई की लंबाई को 2.5 पर रीसेट करें। शुरु में थोड़ी अधिक पाइपिंग और बायस स्ट्रिप छोड़ दें और सिलना शुरू करें। सुनिश्चित करें कि आप पाइपिंग और बायस स्ट्रिप को कपड़े के साथ सिल रहे हों। ये भी सुनिश्चित करें कि आप सभी परतों को सिलें।

सिलने के साथ-साथ एडजस्ट करते रहें। पुरे नेक पर ऐसे ही सिलें। आखिर तक सिलने से ठीक पहले, शुरू में जो अधिक पाइपिंग और बायस स्ट्रिप छोड़ा था उसे मोड़ें और किनारो को उनके ऊपर रखें ताकि एक ओवरलैप बन सके और उस पर सिलाई करें। ओवरलैप के ऊपर सिलने के बाद रुकें और अतिरिक्त फेसिंग और पाइपिंग को काट लें।







## चरण 6: मुख्य कपड़े और अस्तर को एक साथ जोड़ना

नेकलाइन के बाद पाइपिंग फुट को हटा के रेगुलर प्रेसर फुट लगाएं और इसे लॉक कर दें। इसके बाद हम अस्तर और मुख्य कपड़े को एक साथ सिलेंगे। सिरों का मिलाएं और सिलना शुरू करें। धीरे-धीरे सभी तरफ सिल लें। अच्छी सिलाई के लिए घुमाव पर ध्यान से और स्थिर हाथो से सिलें। अतिरिक्त धागे को काट लें। ये करने के बाद आपकी सिलाई ऐसी दिखनी चाहिए।

















## चरण 7: आस्तीन को तैयार करना

अब आस्तीन को सिलने की बारी है। कपड़े से पिन निकालें। हमें आस्तीन के किनारे को हेम करना है। इसके लिए कोई फैंसी या मैचिंग पाइपिंग लें। अब आस्तीन को खोलें और अस्तर को उसके ऊपर रखें, सीधा हिस्सा आमने सामने हो। अब पाइपिंग स्ट्रिप को मुख्य और अस्तर के कपड़े के बीच में निचले अलाउंस के साथ रखें और तीनों को एक साथ रख के पिन लगा दें जैसा ट्यूटोरियल में दिखाया गया है। पाइपिंग को लंबाई में काटें और दूसरे आस्तीन पर भी यही प्रक्रिया दोहराएं। पिन लगाते समय सावधानी बरतें। अतिरिक्त पाइपिंग को फिर से काट लें । अब हमें लगाये हुए निशान के ऊपर सिलना है ताकि जब हम आस्तीन को पलटें तो यह इस तरह दिखे।

पिन लगाए हुए आस्तीन को अपनी सिलाई मशीन पर ले जाएं और पाइपिंग के लिए रेगुलर प्रेसर फुट हटा के पाइपिंग फुट लगाएं और इसे लॉक कर दें। आस्तीन के पिन लगाए किनारे को फुट से संरेखित करें और सिलना शुरू करें। सिलने के साथ-साथ पिन को निकालते रहें। पाइपिंग फुट के उपयोग के बारे में अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.ushasew.com पर इसका ट्यूटोरियल देखें। दूसरे आस्तीन पर भी ऐसा ही करें। उल्टी तरफ से सिलाई ऐसी दिखनी चाहिए। लेकिन हमने अभी पूरा नहीं सिला है। कपड़े को दाईं तरफ मोड़ें और हमें पाइपिंग के ऊपर एज स्टिच लगाना है ताकि ये ऊपर दिख सके। सिलना शुरू करें और धीरे-धीरे और स्थिर रूप से नीचे की ओर सिलें। दूसरे आस्तीन पर भी ऐसा ही करें।

ये करने के बाद अब हमें सभी खुले किनारों को सिल के अस्तर के कपड़े को मुख्य कपड़े के साथ सिलना है। पाइपिंग फ़ुट हटा के A  फ़ुट लगाएं और इसे लॉक कर दें। आस्तीन के किनारे को प्रेसर फुट के साथ संरेखित करें और सिलना शुरू करें। पिवट तकनीक का उपयोग करते हुए इसे एक ही बार मे सिलें। दूसरी आस्तीन पर भी यही प्रक्रिया दोहराएं। आपकी सिलाई इस तरह दिखनी चाहिए। जैसा कि आप देख सकते हैं हमने पाइपिंग को सिल दिया है और कपड़ों को एक साथ जोड़ दिया है।









## चरण 8: आस्तीन को जोड़ना

संक्षिप्त मे, हमने नेक पाइपिंग बनाया है और अस्तर और मुख्य कपड़े को एक साथ सिल दिया है। इसके बाद हमें आस्तीन को आर्महोल से जोड़ना होगा। आस्तीन के सेंटर में हमने पहले से ही एक नॉच बना लिया है, इसे कंधे के सेंटर से मैच करें। आस्तीन को कपड़े के ऊपर रखें, सीधा हिस्सा आमने सामने हो और इसमे पिन लगा दें। सेंटर मे पिन लगाने के बाद, पुरे आस्तीन को आर्महोल के चारों ओर रख के पिन लगा दें। सुनिश्चित करें कि पिन कपड़े की सभी परतों से होकर जाये। दूसरे आस्तीन पर भी यही प्रक्रिया दोहराएं। सेंटर में पिन लगाएं और फिर पुरे आस्तीन पर पिन लगा दें।


पिन लगाए गए कपड़े को अपनी मशीन पर ले जाएं और आस्तीन को आर्महोल के साथ सिलना शुरू करें। सिलने के साथ-साथ पिन निकालते रहें। धीरे-धीरे और स्थिर रूप से दूसरी तरफ तक सिलते रहें। ये करने के बाद, दूसरे आस्तीन को भी सिलें। अब आस्तीन के ऊपर ज़िग-ज़ैग टांके लगाएं। ज़िग-ज़ैग टांके के लिए सेटिंग्स बदलें और किनारों पर फिर से सिलें। एक आस्तीन पर ज़िग-ज़ैग टांके लगाने के बाद, दूसरी आस्तीन पर भी ज़िग-ज़ैग टांके लगाएं। आपकी सिलाई इस तरह दिखनी चाहिए।















## चरण 9: साइड सीम को फिनिश करना और ज़िप लगाना

जैसा कि आप देख सकते हैं कि हमने आस्तीन को जोड़ दिया हैं। अब हमें साइड सीम पर काम करना है, आर्महोल को आपस में मिला के इसमें पिन लगा दें और फिर आस्तीन और ब्लाउज के एक साइड पर भी पिन लगा दें। ब्लाउज के बाईं तरफ हम एक कन्सील्ड ज़िप लगाएंगे। सबसे पहले आर्म होल्स को जोड़े और आस्तीन वाले हिस्से पर पिन लगा दें। ज़िप को आर्महोल के नीचे लगाया जाएगा। चूंकि यह एक कन्सील्ड ज़िप है इसलिए ज़िप के दायें हिस्से को कपड़े के दायें हिस्से के ऊपर रखें जैसा कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है। दिखाए अनुसार ज़िप के एक हिस्से को ब्लाउज़ के फ्रंट में रखें और दूसरे हिस्से को बैक में रख के पिन लगा दें। ब्लाउज के दायें सीम को सिलना शुरू करें। मशीन को सीधी सिलाई पर रीसेट करें और ब्लाउज के निचले हिस्से से सिलना शुरू करें और आस्तीन के अंत तक सिलें। आपकी सिलाई इस तरह दिखनी चाहिए।

आइये अब बायीं तरफ सिलते हैं। सिलने से पहले आर्महोल से 1.5 इंच की दूरी नापें और एक निशान बनाएं। यह निशान ज़िप के आखिरी पॉइंट को इंगित करेगा। आस्तीन से सिलना शुरू करें और आर्महोल की तरफ सिलते रहें, 1.5 इंच के निशान तक सिल के रुक जाएं। सिलाई इस तरह दिखेगी।

इसके बाद हमें ज़िप को जोड़ना है। इसके लिए रेगुलर फुट हटा के उषा जेनोम जिपर फुट लगाएं और लॉक कर दें। ज़िप को खोलें और पिन लगाए हुए ज़िप के एक हिस्से को प्रेसर फुट के साथ संरेखित करें और सिलना शुरू करें। स्थिर हाथो से सिलें और सुनिश्चित करें कि ज़िप एक सीधी लाइन में सिला हो।











ये करने के बाद दूसरे हिस्से को भी सिलें, और सिलने के साथ-साथ पिन निकालते रहें। हमें एक बार और सिलना है। ज़िप के दांतों को खोलें और इसको सही जगह लॉक करने के लिए ज़िप के मूवमेंट को बाधित किये बिना दांतों के जितना संभव हो सके उतनी करीब सिलें। यह ज़िप की मजबूत सिलाई सुनिश्चित करेगा। ऐसा ज़िप के दोनों हिस्सो पर किया जाएगा।

किसी भी अतिरिक्त धागे को काट लें। जैसा कि आप देख सकते हैं हमने ज़िप को ब्लाउज से जोड़ दिया है। अब फिर से ज़िपर फुट हटा के रेगुलर फुट लगाएं और लॉक कर दें। अब साइड सीम पर ज़िग-ज़ैग टांके लगाएं। पैटर्न सिलेक्टर डायल को C पर और सिलाई की लंबाई को 1.5 पर रीसेट करें और आस्तीन से सिलना शुरू करें। जब आप सिलते हुए ज़िप तक पहुंचे तो दोनो सीम अलाउंस को खोलें, और ज़िप के दोनो हिस्सों पर अलग-अलग सिलाई करें। यह एक दोहराई जाने वाली प्रक्रिया लग सकती है, लेकिन यकीन करें ज़िग-ज़ैग टांके आपकी सिलाई को एक अच्छा फिनिश देते हैं और किनारों को उधड़ने से बचाते हैं। क्या अब साइड्स ज्यादा अच्छे नहीं लग रहे?

अपने ज़िप को चेक करें और अंत में थोड़ा सा ज़िप छोड़ के बाकी को काट दें।

## चरण 10: ब्लाउज के निचले हेम को फिनिश करना

इसके बाद हम ब्लाउज के निचले हिस्से को हेम करेंगे। इसके लिए हम एक बायस स्ट्रिप लेकर उसे आधे में मोड़ेंगे और इसे ब्लाउज के दायें हिस्से में सिल देंगे।









ब्लाउज को अपनी सिलाई मशीन पर ले जाएं। ज़िप खोलें और मुड़ी हुई बायस स्ट्रिप को ब्लाउज के दायें हिस्से पर रखें जैसा कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है। इसे प्रेसर फुट के किनारे पर संरेखित करें और सिलना शुरू करें। सब तरफ सिलें, सिलते समय बायस स्ट्रिप को मोड़ते और एडजस्ट करते रहें। आखिर तक सिल के धागा काट लें। जैसा कि आप देख सकते हैं हमने नीचे के हेमलाइन को सिल दिया है। अब किसी भी अतिरिक्त धागे को काट लें। सिलने के बाद सिलाई ऐसी दिखनी चाहिए। इसके बाद अतिरिक्त स्ट्रिप को ½ इंच छोड़कर काट लें। अब हम बायस फेसिंग के किनारे को अंदर की तरफ मोड़ेंगे और दिखाए अनुसार फेसिंग के निचले हिस्से को भी अंदर की तरफ मोड़ेंगे। अब हम ब्लाउज के पूरे निचले हिस्से पर हाथ से हेम करेंगे। सुनिश्चित करें कि स्ट्रिप सही ढंग से रखा हो और आपकी सिलाई साफ हो।

ये करने के बाद ज़िप के नीचे हुक लगा के सिल दें। ओपनिंग को सही से रखने के लिए हुक बहुत महत्वपूर्ण है और यह ज़िप को अपने आप खुलने से रोकता है। ब्लाउज के दूसरे हिस्से पर हुक के दूसरे हिस्से को सिलना न भूलें। लगभग तैयार हो गया है!





## चरण 11: नेकलाइन को फिनिश करना

ब्लाउज को अंदर से बाहर की ओर मोड़ें और नेकलाइन को हेम करें जो इसका अंतिम चरण है। बायस स्ट्रिप को उलटी साइड से अंदर की ओर मोड़ें और हाथ से सिल दें। पूरी बायस स्ट्रिप के ऊपर सिलें। आपके हाथ की सिलाई ऐसी दिखनी चाहिए।

अब हमारा ब्लाउज तैयार हो गया है! स्टाइलिश और सुंदर, आप शादी के सीजन में इसे पहन के दिखाने के लिए उत्सुक होंगे। नीचे कमेंट सेक्शन में हमें अपने सिले हुए ब्लाउज की फोटो दिखाएं और अगर आपको यह ट्यूटोरियल पसंद आया हो तो इसे लाइक करना और अपने सिलाई के दोस्तों के साथ शेयर करना न भूलें।